संख्या–cm-256
19/06/2022

शाह हजरत ख्वाजा फरहाद आलम साहब के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 19 जून 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखण्ड स्थित मशहूर खानकाह लतिफिया रहमानपुर तकियाशरीफ के सदर शाह हजरत ख्वाजा फरहाद आलम साहब के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि शाह हजरत ख्वाजा फरहाद आलम साहब ने अपना जीवन सूफीवाद की सेवा में लगाया। उन्होंने कहा कि वे शाह हजरत ख्वाजा फरहाद आलम साहब के इन्तकाल की खबर से बहुत दुखी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि वे उन्हें जन्नत में अहम मकाम अता करें और उनके परिवार वालों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की ताकत दें।

****